# पीएम आवास के 26 हितग्राहियो का 1 माह में आवास ऋण स्वीकृत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियो को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उददे्श्य से समय–समय पर आवास ऋण मेला का शिविर लगाया जा रहा है। बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडर मांगलिक भवन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार दिनांक 28/10/2025 को आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें स्वतंत्र बैंक, इजी होम फाइनेंश बैंक, आवास लोन फाइनेंश बैंक और जना स्माल फाईनेंश बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के 130 हितग्राही आवास ऋण मेला में भाग लिये थे। जिसमें से 26 हितग्राहियों का ऋण 1माह में स्वीकृत कर दिया गया है। अब इन हितग्राहियों को स्वयं के मकान पाने का सपना पुरा हो जाएगा। अन्य हितग्राही जिनको ऋण की आवश्यकता है, वे अपने इच्छानुसार दिनांक 01/12/2025 को होने वाले आवास ऋण मेला में शामिल होकर आवास ऋण के लिए बैंक के कर्मचारी से संपर्क कर आवेदन कर सकते है।

